# कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

# प्रेस–नोट

1. वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल राशि रू. 916.19 करोड़ आय मद में तथा राशि रु. 902.51 करोड़ का व्यय मद में प्रावधान रखा गया है। व्यय मद में विकास कार्यो के मद्दे कुल राशि रु. 692.91 करोड़ का प्रावधान लिया गया है। विकास कार्यो हेतु उक्त राशि में से राशि रु. 251.21 करोड़ रू. गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत कार्य जो कि वर्तमान में प्रगतिरत होकर वित्तीय वर्ष 2024–25 में पूर्ण होंगे हेतु बजट प्रावधान लिया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष में नवीन प्रस्तावित कार्यो हेतु राशि रु. 441.69 करोड़ का बजट प्रावधान लिया गया है।

2. नवीन प्रस्तावित विकास कार्यो का विवरण निम्नानुसार है :-

❖ *यातायात सुगमता एवं आधारभूत संरचना विकास कार्य :–*

उदयपुर शहर में प्रवेश हेतु छः प्रमुख मार्ग है यथा नाथद्वारा रोड़, चित्तौड़ रोड़, स्टेट हाईवे-32 (सलुम्बर-बाँसवाड़ा रोड़), अहमदाबाद-बलीचा रोड़, रामपुरा रोड़ एवं रणकपुर रोड़ मुख्य मार्ग होने के साथ ही झामर कोटड़ा की तरफ होकर उमरड़ा–एकलिंगपुरा की तरफ से भी उदयपुर शहर में प्रवेश किया जाता है। इन प्रमुख मार्गो से शहर में प्रवेश करने पर विभिन्न चौराहो और आबादी क्षेत्र पर ट्रेफिक जाम एवं दुर्घटनाओं की स्थिति के समाधान की दृष्टि से प्राधिकरण द्वारा विगत 03 वर्षो में सड़क विस्तारीकरण, फ्लाईओवर अण्डरपास यथा बलीचा से प्रतापनगर चौराहा, प्रतापनगर चौराहे से भुवाणा चौराहा होते हुए अम्बेरी तक की लगभग 19.0 कि.मी. की सड़क को आन्तरिक रिंग रोड़ के रुप में विकसित किये जाने का कार्य प्रगतिरत है। यह कार्य इस वित्तीय वर्ष 2024–25 में पूर्ण हो जायेगा। जिससे वर्ष पर्यन्त बाहर से आने वाले पर्यटकों के साथ ही उक्त सड़क के दोनो तरफ विकसित शहरी आबादी को भी सुगम यातायात की दृष्टि से लाभ मिलेगा। इसी क्रम में शहर में प्रवेश हेतु अन्य सभी मुख्य सड़कों तथा अति–व्यस्तम मार्गो के विस्तारिकरण/सुदृढीकरण तथा इन मार्गो के मध्य स्थित विभिन्न चौराहो एवं जंक्शन पर निरन्तर ट्रेफिक दबाव की समस्या से निजात हेतु ग्रेड सैपरेटर बाबत् डी.पी.आर. तैयार कराई जाकर डी.पी.आर. में फिजिबिलिटी अनुसार इन कार्यो की क्रियान्विति की जायेगी। ऐसे कार्यो को स्वीकृति उपरान्त नियमानुसार निविदा प्रक्रिया पश्चात् कार्य पूर्ण होने में एक से अधिक वित्तीय वर्ष की अवधि सम्भावित होने से इस वित्तीय वर्ष 2024–25 में इन कार्यो हेतु **राशि रु. 45.00 करोड़** का बजट प्रावधान लिया गया है।

❖ **<u>सड़क निर्माण :-</u>** उदयपुर शहर में निरन्तर बढ़ते यातायात दबाव के दृष्टिगत प्राधिकरण द्वारा प्रतिवर्ष मास्टर प्लान की महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण एवं पूर्व निर्मित सड़कों जिनकी की दोष निवारण अवधि (DLP) पूर्ण हो चुकी है, के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाता है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी निम्नानुसार महत्वपूर्ण सड़के जहाँ की यातायात का दबाव निरन्तर बढ़ता जा रहा है तथा इन सड़कों पर यातायात को लेन में डिवाईड करने हेतु मीडियन की भी आवश्यकता है उसके दृष्टिगत सड़कों के सुदृढीकरण, मीडियन का निर्माण, विस्तारीकरण, सड़को के सहारे सुनियोजित ड्रेनेज निर्माण के साथ ही ग्रासपेवर लगाये जाकर फुटपाथ भी विकसित किये जायेगें जिससे सड़कों पर धुल-मिट्टी उड़ना बन्द हो सके एवं वर्षाजल भी भूमि में प्रवाहित हो सके। इसी के साथ ही प्राधिकरण की दक्षिण विस्तार योजना, मीरा नगर योजना आदि में भी जो प्रमुख सड़के है जो कि मास्टर प्लान की सड़क होने के साथ ही प्राधिकरण योजना क्षेत्र की सड़क भी है। इनमें भी अब निरन्तर आबादी विकसित हो गई है साथ ही दक्षिण विस्तार योजना में प्राधिकरण द्वारा लॉटरी से भूखण्ड् भी आवंटित कर दिये गये है। अतः इनमें मुलभूत सुविधा विकसित करने हेतु इन कॉलॉनी योजना क्षेत्र के अन्दर भी प्रावधान किया गया है। इस हेतु निम्नानुसार **सड़क निर्माण कार्यो हेतु कुल अनुमानित लागत राशि रू. 118.93 करोड़ के विरुद्व इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल राशि रु. 93.43 करोड़ का बजट प्रावधान लिया गया है :-**

| **क्र. सं.** | **निर्माण कार्यो का विवरण** | **अनुमानित लागत (लाखों में)** | **वित्तीय वर्ष 2024-25 में बजट प्रावधान (लाखों में)** |
|---|---|---|---|
| 1. | पीर बावजी से भुवाणा गाँव होते हुए भुवाणा सर्किल तक 80 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य। | 1200.00 | 300.00 |
| 2. | दक्षिण विस्तार योजना के 'ए' ब्लॉक में आन्तरिक सड़कों का निर्माण कार्य। | 800.00 | 600.00 |
| 3. | शोभागपुरा सर्किल से जी.एस.एस. (वाया मीरा नगर स्कीम) तक 100 फीट चौड़ी सड़क के सुदृढीकरण का कार्य। | 800.00 | 600.00 |
| 4. | मेवाड़ हॉस्पीटल रोड़ जंक्शन से बेदला पुलिया तक मास्टर प्लान की 100 फीट चौडी सड़क के मिसिंग लिंक का निर्माण कार्य। | 750.00 | 400.00 |
| 5. | दक्षिण विस्तार योजना में एस.एच.-32 से कृषि मण्डी जंक्शन तक 200 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य। | 600.00 | 450.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | अम्बेरी से भुवाणा चौराहा (गौरव पथ) तक सड़क सुदढीकरण का कार्य। | 600.00 | 600.00 |
| 7. | पुरोहितों का तालाब से अम्बेरी तक मास्टर प्लान की 100 फीट चौड़ी सड़क पर डामरीकरण का कार्य। | 550.00 | 350.00 |
| 8. | एन.एच.-27 के सहारे देबारी से अम्बेरी 60 फीट सर्विस सड़क का निर्माण कार्य। | 500.00 | 300.00 |
| 9. | फतहपुरा चौराहा से साईफन चौराहा तक सड़क सुदृढीकरण एवं नाला निर्माण कार्य। | 500.00 | 500.00 |
| 10. | एन.एच. 8 से जैव विविधता पार्क, अम्बेरी तक मास्टर प्लान की 60 फीट चौडी सड़क का निर्माण कार्य। | 450.00 | 200.00 |
| 11. | मास्टर प्लान 100 फीट मेगा आवास से एन.एच.-27 तक डामरीकरण का कार्य। | 400.00 | 300.00 |
| 12. | मीरा नगर (मेग्नस हॉस्पीटल) 80 फीट सड़क के सुदृढीकरण का कार्य। | 350.00 | 350.00 |
| 13. | दक्षिण विस्तार योजना के 'ए' ब्लॉक की मुख्य 100 फीट सड़क का निर्माण कार्य। | 310.00 | 310.00 |
| 14. | आर.के. सर्कल से शोभागपुरा सर्किल तक 100 फीट चौड़ी सड़क के सुदृढीकरण का कार्य। | 275.00 | 275.00 |
| 15. | जैव विविधता पार्क जंक्शन से पुरोहितों का तालाब, अम्बेरी तक मास्टर प्लान की 80 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य। | 265.00 | 265.00 |
| 16. | अम्बाफला तितरडी (गुप्तेश्वर मन्दिर मेन गेट) से बिलिया होते हुए 6-लेन तक सड़क सुदृढीकरण एवं विस्तारिकरण का कार्य। | 250.00 | 250.00 |
| 17. | आर.के. सर्कल से मिराज मल्हार तक 80 फीट चौड़ी सड़क के सुदृढीकरण का कार्य। | 250.00 | 250.00 |
| 18. | पिंक पर्ल कॉलोनी से आयड़ (बेडच) नदी तक 60 फीट चौड़ी सड़क पर सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 250.00 | 250.00 |
| 19. | जैव-विविधता पार्क से एन.एच. 8, अम्बेरी तक 100 फीट सड़क फोरमेशन कार्य। | 225.00 | 225.00 |
| 20. | सीता माता मन्दिर से जल बुर्ज, सीसारमा तक सड़क सुदृढीकरण का कार्य। | 216.14 | 216.14 |
| 21. | सज्जनगढ पार्किंग से हवाला गाँव जाने वाले वैकल्पिक मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य। | 212.71 | 212.71 |
| 22. | यू.डी.ए. कार्यालय से नीलकंठ महादेव होते हुए काला किवाड़ तक सड़क सुदृढीकरण का कार्य। | 206.00 | 206.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23. | दक्षिण विस्तार योजना पन्नाधाय नगर के ''ए'' ब्लॉक की आन्तरिक सड़कों का निर्माण कार्य। | 200.00 | 200.00 |
| 24. | दक्षिण विस्तार योजना ''डी'' ब्लॉक की 100 फीट सड़क पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य। | 200.00 | 200.00 |
| 25. | दक्षिण विस्तार योजना की मुख्य 200 फीट सड़क से एन.एच.-8 वाया आई.आई.एम. तक 100 फीट सड़क का निर्माण कार्य। | 200.00 | 200.00 |
| 26. | देवेन्द्र मुनि आश्रम से नवरत्न पुलिया, मेवाड़ हॉस्पीटल तक मास्टर प्लान की 60 एवं 80 फीट सड़क के सुदृढीकरण का कार्य। | 200.00 | 200.00 |
| 27. | खीमच माता जी मंदिर, देवाली तिराहा से पुलिस अन्वेषण भवन तक सड़क सुदृढीकरण का कार्य। | 200.00 | 200.00 |
| 28. | बड़ी जंक्शन (टाईगर हिल) से प्रताप गौरव केन्द्र, राजस्व ग्राम बडगांव तक सड़क सुदृढीकरण का कार्य। | 195.70 | 195.70 |
| 29. | आरती मार्बल से ब्राह्मणों का गुड़ा होते हुए सापेटिया 100 फीट चौड़ी सड़क तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य। | 165.00 | 165.00 |
| 30. | सुखेर थाने के पीछे से हिरमा ग्राउण्ड़ होते हुए ग्राम पंचायत भुवाणा सापेटिया तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य। | 150.00 | 150.00 |
| 31. | नारायण सेवा संस्थान से राजस्व ग्राम हाथीधरा को जोड़ने वाली 60 फीट मुख्य सड़क का निर्माण एवं सुद्ढीकरण का कार्य। | 122.91 | 122.91 |
| 32. | माली कॉलोनी 100 फीट मुख्य मार्ग के दोनो तरफ परफोरेटेड टाईल्स लगाने का कार्य। | 100.00 | 100.00 |
| 33. | रघुनाथपुरा गाँव की मुख्य 60 फीट सड़क एवं जल निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य। | 100.00 | 100.00 |
| 34. | साइफन चौराहा से पंचायत समिति बडगांव तक सड़क निर्माण। | 100.00 | 100.00 |

उपरोक्त प्रमुख सड़कों के कार्यो के अतिरिक्त भी प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में मास्टर प्लान में स्वीकृत सड़कों एवं अनुमोदित योजना क्षेत्र में सड़कों के विकास, सुद्ढीकरण एवं संधारण हेतु **राशि रु. 75.27 करोड़** का बजट प्रावधान लिया गया है।

❖ **<u>ड्रेनेज निर्माण :-</u>** प्राधिकरण क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत स्थित प्रमुख आबादी क्षेत्र जहां पूर्व से ही राजस्व नाले निर्मित है एवं वर्षाऋतु के दौरान वर्षाजल की निकासी इन्ही नालों से होती है ऐसे समस्त नालों को चिन्हित कर प्रतिवर्ष प्राधिकरण द्वारा नवीन नालों का निर्माण

एवं पूर्व निर्मित नाले जो पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गये है उन नालों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाता है। इस वित्तीय वर्ष 2024–25 में भी प्राधिकरण द्वारा प्रमुखत: कुल 16 नालों का निर्माण कार्य किया जाना है जिस हेतु **वित्तीय वर्ष बजट 2024–25 में राशि रू. 27.00 करोड़** का प्रावधान लिया गया है जिससे की उक्त नालों के आस–पास के क्षेत्र की आबादी को वर्षाऋतु के दौरान जल–प्लावन की स्थिति से बचाया जा सके एवं आपदा से राहत प्रदान कर वर्षाजल की सुनियोजित निकासी सुनिश्चित की जा सके :–

| **क्र. सं.** | **निर्माण कार्यो का विवरण** | **अनुमानित लागत (लाखों में)** | **वित्तीय वर्ष 2024–25 में बजट प्रावधान (लाखों में)** |
|---|---|---|---|
| 1. | पन्नाधाय नगर बी–ब्लॉक से 100 फीट रोड़ 'ए' ब्लॉक तक नाला निर्माण कार्य। | 300.00 | 300.00 |
| 2. | न्यू विद्यानगर एवं शान्तिनगर में नाला निर्माण कार्य। | 250.00 | 250.00 |
| 3. | दक्षिण विस्तार योजना में कृषि मंडी के पास 200 फीट रोड़ से 100 फीट रोड़– 'ए' ब्लॉक तक नाला निर्माण कार्य। | 200.00 | 200.00 |
| 4. | सवीना चौराहा से खेड़ा सर्किल तक 100 फीट रोड़ के दोनो तरफ आर.सी.सी. नाले का निर्माण कार्य। | 200.00 | 200.00 |
| 5. | बेदला खुर्द से आयड़ (बेडच) नदी तक वर्षा जल नाले का निर्माण कार्य। | 200.00 | 200.00 |
| 6. | पिंक पर्ल कॉलोनी से आयड़ (बेड़च) नदी तक नाले का निर्माण कार्य (फेज–द्वितीय)। | 200.00 | 200.00 |
| 7. | दक्षिण विस्तार योजना पन्नाधाय नगर– 'ए' ब्लॉक में नाला निर्माण कार्य। | 175.00 | 175.00 |
| 8. | न्यू नवरत्न कॉम्पलेक्स में सरकारी स्कूल से 80 फीट रोड़ तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 150.00 | 150.00 |
| 9. | टाईगर हिल क्षेत्र में जल निकास प्रणाली, नाला एवं क्रोस ड्रेनेज निर्माण कार्य (द्वितीय चरण)। | 150.00 | 150.00 |
| 10. | तुलसीनगर नाला निर्माण कार्य। | 150.00 | 150.00 |
| 11. | सतोरिया नाला पानेरियो की मादडी। | 150.00 | 150.00 |
| 12. | ईडन कोर्ट/धनेन्द्र अपार्टमेंट से चावत अकादमी, नवरत्न क्षेत्र तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 130.00 | 130.00 |
| 13. | दक्षिण विस्तार योजना पन्नाधाय नगर – 'सी' ब्लॉक में मिसिंग लिंक नाले का निर्माण कार्य। | 125.00 | 125.00 |
| 14. | कॉन्वे हाईट्स से शोभागपुरा सर्कल तक नाला निर्माण कार्य। | 120.00 | 120.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15. | मीरा नगर 80 फीट रोड़ पर नाला निर्माण कार्य। | 120.00 | 90.00 |
| 16. | बेदला ग्राउण्ड़ से साई सागर अपार्टमेंट, बेदला तक नाले का निर्माण कार्य। | 100.00 | 100.00 |

उपरोक्त प्रमुख ड्रेनेज कार्यो के अतिरिक्त भी प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में अन्य ड्रेनेज कार्यो हेत राशि रु. 28.60 करोड़ का बजट प्रावधान लिया गया है।

❖ **<u>झीलों की साफ-सफाई, तालाबों का विकास एवं सौन्दर्यकरण :-</u>** झीलों की सफाई के अन्तर्गत मुख्यत: फतहसागर झील की सफाई जहां की पर्यटकों एवं अतिविशिष्ट व्यक्तियों का आवागमन वर्षपर्यन्त रहता है। उक्त झील में सफाई हेतु निविदा आमंत्रित कर संवेदक के माध्यम से श्रमिक नियोजित कर उनके द्वारा झीलों की सफाई निरन्तर की जा रही है। इस हेतु झीलों की फतहसागर सफाई बाबत् राशि रु. 3.00 करोड़ का बजट प्रावधान वित्तीय वर्ष 2024-25 में सम्मिलित किया गया है।

❖ **<u>नेहरू गार्डन द्वीप का सौन्दर्यकरण :-</u>** पर्यटकों एवं स्थानीय निवासियों हेतु विश्व प्रसिद्व फतहसागर झील के मध्य स्थित नेहरू गार्डन द्वीप के जिर्णोद्वार कार्य के तहत् गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त इसके सिविल वर्क का कार्य पूर्ण किया जाकर होर्टीकल्चर का कार्य प्रगतिरत है। उद्यान में सौन्दर्यकरण, पर्यटकों एवं आमजन हेतु आकर्षक बनाने हेतु थीम आधारित पार्क विकसित करने हेतु योजना तैयार कर म्यूजिकल फॉउण्टेन एवं मल्टीमीडिया वॉटर-शो, 7-डी थीयेटर, थिमेटीक प्रवेश द्वार, आर्टिफिशीयल ग्लो-एनिमल, एनीमेट्रोनिक्स, फसाड लाइटिंग, सेल्फी पोईन्ट इत्यादि कार्य के साथ ही पार्क के साथ स्थित जहाजनुमा रेस्टोरेन्ट का संचालन एवं पार्क तक पहुंचने हेतु नौका संचालन के कार्य को सम्मिलित किया जाकर इसके पी.पी.पी. मोड़ पर सौन्दर्यकरण एवं संचालन का कार्य इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में किया जायेगा। उक्त परियोजना की अनुमानित लागत राशि रु. 14.00 करोड़ होगी। इसके संचालन से प्राधिकरण को आय की प्राप्ति भी होगी।

❖ **<u>खेल सुविधाओं का विकास एवं सुदृढीकरण हेतु :-</u>** खेल सुविधाओं के विकास एवं विस्तार हेतु प्राधिकरण द्वारा चित्रकूट नगर योजना के समीप 52 हैक्टेयर भूमि में महाराणा प्रताप खेलगाँव का विकास कर इसमें खेल सुविधाऐं विकसित की गयी थी जिनका शहरवासियों एवं उदयपुर सम्भाग द्वारा इसका लाभ लिया जा रहा है। अत: महाराणा प्रताप खेलगाँव में विकास एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु प्राधिकरण वित्तीय वर्ष बजट 2024-25 में राशि 1.50 करोड़ का प्रावधान लिया गया है।

| **क्र.सं.** | **निर्माण कार्यो का विवरण** | **लागत (लाखों में)** |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य क्रिकेट ग्राउण्ड़ के पवेलियन निर्माण कार्य। | 110.00 |
| 2 | विभिन्न खेल सुविधाओं एवं परिसर के संधारण का कार्य। | 40.00 |

❖ **<u>विद्युतिकरण एवं सौर ऊर्जा को बढावा देने हेतु प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में सौर ऊर्जा सयंत्र स्थापित करने का कार्य :-</u>**

प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में स्थित प्रमुख सड़को योजना क्षेत्र की कॉलानियों सहित प्राधिकरण रुपान्तरित क्षेत्रों में आन्तरिक विद्युतिकरण, प्रकाश व्यवस्था, अण्डग्राउण्ड् केबलिंग सहित प्रमुख चौराहो पर हाईमास्ट के साथ ही विद्युत सज्जा द्वारा सौन्दर्यकरण के साथ ही विभिन्न पार्क एवं प्राधिकरण के भवनों में सौर ऊर्जा सयंत्र स्थापित करने हेतु निम्नानुसार कार्यो बाबत् **वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल राशि रु. 27.30 करोड़ का प्रावधान लिया गया है :-**

| **क्र. सं.** | **निर्माण कार्यो का विवरण** | **अनुमानित लागत (लाखों में)** |
|---|---|---|
| 1. | बलीचा से प्रतापनगर तक डेकोरेटीव पोल लगाने का कार्य। | 720.00 |
| 2. | प्राधिकरण पार्क, सामुदायिक भवन में सौलर स्ट्रीट लाइट एवं सौलर हाइमास्ट लगाने का कार्य। | 500.00 |
| 3. | प्रतापनगर से भुवाणा रोड़ तक डेकोरेटीव पोल लगाने का कार्य। | 360.00 |
| 4. | सेवाश्रम फ्लाईओवर, प्रतापनगर फ्लाईओवर, फतहसागर पाल छतरी, सर्किट हाउस पर फसाड लाईट लगाने का कार्य। | 250.00 |
| 5. | प्राधिकरण के विभिन्न फ्लाईओवर पर डेकोरेटीव पोल एवं फसाड़ लाईट लगाने का कार्य। | 250.00 |
| 6. | रत्नागिरी नगर वन/रामगिरी पर सौलर स्ट्रीट लाइट एवं सौलर हाइमास्ट लगाने का कार्य। | 200.00 |
| 7. | प्राधिकरण मे स्ट्रीट लाइट का प्रभावी मॉनरिटींग हेतु C.C.M.S. पैनल लगाने का कार्य। | 150.00 |
| 8. | जोगी तालाब क्षेत्र एवं झरनों की सराय तालाब क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था। | 100.00 |
| 9. | लखावली तालाब पर डेकोरेटीव पोल लगाने का कार्य। | 100.00 |
| 10. | प्राधिकरण के डिवाइडर कट पर Solar Blinker लगाने का कार्य। | 100.00 |

❖ **<u>प्राधिकरण कॉलोनियों में पार्को के विकास हेतु :-</u>**

प्राधिकरण योजना क्षेत्र में स्थित पार्को के साथ ही प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित कृषि भूमि की कॉलोनी में दर्शाये पार्को के विकास हेतु **वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल राशि रु. 3.64 करोड़** का बजट प्रावधान लिया गया है।

## ❖ पहाड़ियों का संरक्षण एवं हरितिमा विकसित करने हेतु :-

प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में स्थित पहाडियों पर हरितिमा विकसित करने तथा वृक्षारोपण एवं पौधारोपण के साथ ही पर्यटक एवं स्थानीय निवासियों हेतु मनोरंजन हेतु निम्न स्थलों को राज्य सरकार की प्राथमिकता अनुसार नगर वन एवं आनन्द वन के रुप में विकसित करने हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल राशि रु. 8.27 करोड़ का बजट प्रावधान लिया गया है। साथ ही प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्थलों एवं प्रमुख मार्गो पर वृक्षारोपण हेतु कुल 28000 वृक्ष रोपित करने एवं उनके 05 वर्ष तक संधारण करने हेतु राशि रु. 7.50 करोड़ का बजट प्रावधान लिया गया है।

| क्र.सं. | पहाड़ी हरितिमा कार्यो का विवरण | अनुमानित लागत (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1. | लखावली तालाब के समीप आनन्द वन विकास एवं सौन्दर्यकरण का कार्य। | 250.00 |
| 2. | नगर वन योजना के अन्तर्गत बडगांव रामगिरी पहाडी पर नगर वन स्थापित करने का कार्य। | 256.67 |
| 3. | रत्नागिरी पहाडी पर विकास कार्य। | 250.00 |
| 4. | चित्रकूट नगर खेलगाँव स्थित मोर मगरी में हरितिमा विकसित करने का कार्य। | 70.00 |

## ❖ पेयजल सुविधाऐं :-

प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन विभिन्न आवासीय योजना में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रावधावित बजट के अतिरिक्त प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित आवासीय कॉलानियों में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के माध्यम से पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल राशि रु. 11.07 करोड़ का बजट प्रावधान लिया गया है।

## ❖ रेल्वे अण्डरपास निर्माण :-

रेल्वे विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के क्रम में सिटी स्टेशन से राणाप्रताप नगर रेल्वे स्टेशन के मध्य नोखा गाँव के पास रेल्वे लाईन के नीचे अण्डरपास निर्माण हेतु प्राधिकरण द्वारा रेल्वे विभाग को राशि हस्तान्तरित किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष बजट 2024-25 में राशि रू. 4.00 करोड़ का प्रावधान लिया गया है। उक्त रेल्वे अण्डरपास निर्माण से उपनगरीय क्षेत्र हिरण मगरी 3, 4 व 5, स्वामीनगर, माली कॉलोनी आदि के क्षैत्रवासियों को लाभ मिल सकेगा। साथ ही रेल्वे अण्डरपास निर्माण से उपरोक्त रहवासियों को सिक्ख कॉलोनी-कुम्हारों का भट्टा जाने हेतु लगभग 1600.00 मीटर की कम दूरी तय करनी पडेगी।

❖ **<u>प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में स्थित तालाबों का संरक्षण एवं विकास :-</u>**

➢ प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में स्थित बड़ी तालाब, झरणों की सराय तालाब, ढीकली तालाब, रकमपुरा तालाब, नेला तालाब एवं जोगी तालाब के संरक्षण एवं सौन्दर्यकरण के तहत विभिन्न विकास कार्य करवाये जाने हेतु प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष बजट 2024-25 में राशि रू. 2.00 करोड़ का प्रावधान लिया गया है।

➢ लखावली तालाब फीडर कैनाल के सुदृढीकरण हेतु प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष बजट 2024-25 में राशि रू. 2.00 करोड़ का प्रावधान लिया गया है जिससे तालाब संरक्षित रहकर तालाब में वर्षा जल निर्बाध रुप से भरा रहे।

❖ **<u>प्राधिकरण क्षेत्राधिकार स्थित शमशानों में आवश्यक विकास कार्य :-</u>**

प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में प्रमुख आवासीय क्षेत्रों के समीप पूर्व से स्थित शमशान जहाँ कि आवश्यक सुवधाऐं यथा बैठने का स्थान मय शेड्, पानी की उपलब्धता, नहाने हेतु समुचित व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था के साथ ही हरितिमा विकसित करने बाबत् प्राधिकरण के चारो ही तकनीकी खण्ड् के ऐसे प्रमुख शमशानों में आवश्यक कार्य हेतु वित्तीय वर्ष बजट 2024-25 में राशि रु. 3.00 करोड् का प्रावधान लिया गया है।

❖ **<u>प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में घर घर कचरा संग्रहण एवं सफाई का कार्य :-</u>**

नगर निगम सीमा क्षेत्र के बाहर स्थित प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में स्वच्छता बाबत् घर-घर कचरा संग्रहण एवं सड़कों की साफ-सफाई एवं वर्षाॠतु से पूर्व सभी नालों की सफाई कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में राशि रु. 7.00 करोड़ का बजट प्रावधान लिया गया है। उक्त कार्य नगर निगम, उदयपुर द्वारा निष्पादित किया जायेगा तथा कार्य में होने वाले व्यय का वहन प्राधिकरण द्वारा किया जाकर राशि नगर निगम, उदयपुर को हस्तांतरित की जायेगी। उक्त कार्य से शहर में स्वच्छता के मानक स्थापित होकर वर्ष पर्यन्त आने वाले पर्यटकों पर भी अनुकुल प्रभाव पड़ेगा।

❖ **<u>सीवरेज नेटवर्क का कार्य :-</u>**

प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में स्थित नवरत्न कॉम्लेक्स निर्मित होने से भविष्य में आबादी घनत्व और बढने से उक्त क्षेत्र में सेनिटेशन की दृष्टि से सीवर नेटवर्क डाले जाने का कार्य प्रस्तावित किया गया है। उक्त सीवर नेटवर्क को आयड़ के सहारे पूर्व से ही डाली गयी ट्रंक लाईन से जोड़ा जाकर सीवरेज को एस.टी.पी. तक पहुँचाया जा सकेगा। उक्त कार्य की डी.पी.आर. तैयार करवाई जाकर इस वित्तीय वर्ष में कार्य की क्रियान्विति हेतु राशि रु. 10.00 करोड़ का बजट प्रावधान लिया गया है।

❖ **<u>प्लाण्टर निर्माण एवं सौन्दर्यकरण :-</u>** प्राधिकरण क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत स्थित मास्टर प्लान की प्रमुख सड़के जहाँ दोनो ओर आबादी विकसित हो चुकी है एवं उक्त सड़कों पर यातायात दबाव के साथ ही स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों का दबाव भी निरन्तर रहता है। इन सड़कों पर पूर्व में निर्मित मीडियन जो कि पूर्णत: क्षतिग्रस्त हो चुके है उनके स्थान पर नवीन प्लाण्टर विकसित कर इनमें फूलवारी एवं आवश्यकतानुसार पौधारोपण किया जाना है। इस **हेतु वित्तीय वर्ष बजट 2024-25 में राशि रू. 3.40 करोड़ का प्रावधान लिया गया है।**